तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 29 जून 2026





कोसीर के जनप्रतिनिधियों ने की सीएम से सौजन्य मुलाकात







2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


### युक्तियुक्तकरण के बाद भी शिक्षकों की पूर्ति नहीं कर सका शिक्षा विभाग

# आदिवासी ब्लॉकों पर नजरें इनायत नहीं, स्कूलों में 19 सौ शिक्षकों का पद खाली, 118 में केवल एक ही गुरुजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- 554 स्कूल बंद होने के बाद भी हालात में किसी तरह का सुधार नहीं
- प्रमोशन और सीधी भर्ती के पोस्ट हैं खाली



जिले के 7 में से 5 आदिवासी ब्लॉक हैं, लेकिन इन ब्लॉकों को भेदभाव की नजर से देखा जाता है। इसका ताजा उदाहरण है इन ब्लॉकों के स्कूलों में जहां 19 सौ से अधिक शिक्षकों का पद खाली है। वहीं करीब 118 स्कूल ऐसे हैं जिनको केवल एक ही गुरुजी संभाल रहे हैं। साथ भर पहले की गई युक्तियुक्तकरण के समय शिक्षा विभाग के अधिकारी सारे स्कूलों में शिक्षकों की पूर्ति होने के नाम पर अपनी पीठ थपथपा रहे थे, लेकिन यह केवल दिखावा भर ही साबित हुआ। आदिवासी ब्लॉकों के स्कूल पहले भी खाली थे और आज भी खाली ही है। इन ब्लॉकों पर न तो अधिकारियों की नजरें इनायत हो रही है और न ही शासन की। हालात यह है कि इन सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को सालों से गुरुजी का इंतजार है। यह कब पूरी होगी इसका कोई अंदाजा किसी को नहीं है।

जिले के 5 ब्लॉक धरमजयगढ़, घरघोड़ा, खरसिया, लैलूंगा और तमनार आदिवासी विखं हैं। धरमजयगढ़ में प्राइमरी मिडिल, हाई-हायर मिलाकर 486 स्कूल संचालित हैं। इसी तरह घरघोड़ा में 196, खरसिया 317, लैलूंगा 420 और तमनार ब्लॉक में 221 स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में एचएम, सहायक शिक्षक, उवशि, प्राचार्य, व्याख्याता, व्यायाम शिक्षक, सशिव प्रयोगशाला और ग्रंथपाल के पद करीब 1910 पद खाली हैं। इन ब्लॉकों में 6117 पद स्वीकृत है। इसमें 4207 कार्यरत हैं। 1910 रिक्त है। यह हालात बीते नवंबर 2025 का है। हालांकि अब तक शिक्षकों की भर्ती तो हुई नहीं है। कुछ शिक्षक प्रमोशन में जरुर आए होंगे, लेकिन यह नाकाफी है। इसके कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, लेकिन आदिवासी ब्लॉक होने की खामियाजा वहां के लोग भुगत रहे हैं।

### इंस्फ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान, लेकिन शिक्षकों पर नहीं

इसमें से तो चार आदिवासी ब्लॉक तो खनन प्रभावित हैं। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित है तमनार, घरघोड़ा और धरमजयगढ़ और आंशिक प्रभावित है लैलूंगा लेकिन सबसे ज्यादा हालत खराब इन्हीं ब्लॉकों में हैं। यहां अभी डीएमएफ से इंस्फ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान तो दिया जा रहा है, लेकिन शिक्षकों को लेकर अधिकारी गंभीर बिल्कुल नहीं हैं। हालांकि अभी इंस्फ्रास्ट्रक्चर के लिए केवल बजट ही स्वीकृत हुए हैं। काम कब चालू होगा यह भी अभी पता नहीं है।

### ऐसे हैं शिक्षकों का पद खाली

| पद | संख्या |
|---|---|
| प्राइमरी स्कूल एचएम | 145 |
| सहायक शिक्षक/ एलबी | 1103 |
| मिडिल स्कूल एचएम | 121 |
| उवशि/ शिक्षक एलबी | 394 |
| व्याख्याता / एलबी | 104 |
| सशिवि प्रयोगशाला | 13 |
| व्यायाम शिक्षक | 13 |
| ग्रंथपाल | 17 |

### मौका मिला और मिल गया प्रतिनियुक्ति

आत्मानंद, पीएमश्री और अन्य कुछ स्कूल तो केवल प्रतिनियुक्ति के भरोसे ही चल रहा है। इसके लिए जब प्रतिनियुक्ति का निर्देश मिलता है तो आदिवासी ब्लॉकों में पदस्थ शिक्षकों का मौका मिल जाता है। किसी भी तरह प्रतिनियुक्ति लेकर यहां अटैच हो जाते हैं। प्रतिनियुक्ति कभी खत्म होती ही नहीं है। प्रतिनियुक्ति की वजह से भी शिक्षकों का पद खाली है।

### लैलूंगा में 44 स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे

इन ब्लॉकों में करीब 118 स्कूल ऐसे हैं जहां एक ही शिक्षक पदस्थ हैं। इसमें सभी स्कूल प्राइमरी है। सबसे ज्यादा लैलूंगा ब्लॉक में ऐसे स्कूलों की संख्या 44 है। इसी तरह घरघोड़ा में 14, धरमजयगढ़ 35, खरसिया 08, तमनार 13, पुसौर 02 और रायगढ़ में ब्लॉक में 02 स्कूल एक शिक्षकीय हैं। एक स्कूल शिक्षकविहीन भी है।

### ट्रैक्टर तेज चलाने के विवाद में दो युवकों की पिटाई, वाहन में तोड़फोड़

**रायगढ़।** कापू थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर चलाने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट और तोड़फोड़ का रूप ले लिया। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि रास्ते में ट्रैक्टर रोककर दो युवकों ने लाठी-डंडे से मारपीट की और वाहन में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम किरिया निवासी 19 वर्षीय मानवेल लकड़ा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि बीते 25 जून को वह अपने 17 वर्षीय भाई मिखैल लकड़ा के साथ फुलबहरी ठाकुरपोडी स्थित अपने मामा सुलेचंद केरकेट्टा के खेत की जुताई करने ट्रैक्टर लेकर गया था। खेत की जुताई के बाद दोनों भाई वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी बीच पाराघाटी और ठाकुरपोडी पंचायत के बीच रास्ते में एक बुजुर्ग व्यक्ति खड़ा था, जिसे बचाने के लिए ट्रैक्टर को किनारे से निकालकर वे आगे बढ़ गए। करीब एक किलोमीटर आगे बैगापारा, पुराने हाट बाजार के पास सुनसान मार्ग में ठाकुरपोडी निवासी प्रीतम एक्का और सहनसाह एक्का बाइक से उनका पीछा करते हुए पहुंचे और ट्रैक्टर को बीच रास्ते में रोक लिया।

## खबर संक्षेप

### 7 गौवंशों का पुलिस ने किया रेस्क्यू

**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस ने झारखंड ले जाए जा रहे सात गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराते हुए परिवहन में इस्तेमाल की जा रही बोलेरो पिकअप जब्त की है। हालांकि कार्रवाई के दौरान चालक पुलिस को देख वाहन छोड़कर जंगल के रास्ते फरार हो गया। लैलूंगा पुलिस को सूचना मिली थी कि एक बोलेरो पिकअप वाहन में मवेशियों को अवैध रूप से भरकर झारखंड स्थित बूचड़खाने की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उप निरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोनाजोरी-बरदरहा जंगल मार्ग पर नाकेबंदी कर घेराबंदी की। कुछ समय बाद संदिग्ध वाहन क्रमांक जेएच-01-एफएल-9697 वहां पहुंचा। पुलिस टीम को देखकर चालक वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। पुलिस ने उसका पीछा किया, लेकिन वह अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें पांच गाय और दो बछड़े सहित कुल सात गौवंश अत्यंत संकुचित और अमानवीय परिस्थितियों में भरे हुए पाए गए। प्रारंभिक जांच में इन पशुओं को झारखंड के बूचड़खाने ले जाने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने सभी गौवंशों को सुरक्षित बाहर निकालकर संरक्षण में लिया। कार्रवाई के दौरान करीब 35 हजार रुपये मूल्य के सात गौवंश तथा लगभग तीन लाख रुपये कीमत की बोलेरो पिकअप जब्त की गई।

### 17 लीटर शराब बरामद दो महिलाएं गिरफ्तार

**रायगढ़।** भूपदेवपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम किरीतमाल में दो स्थानों पर छापेमारी कर 17 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है। इस मामले में दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को थाना भूपदेवपुर पुलिस ने ग्राम किरीतमाल में अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कार्रवाई की। पहली कार्रवाई में पुलिस ने नुकसाना सिदार के घर के पीछे स्थित बाड़ी में छापा मारा। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही वहां मौजूद कुछ लोग मौके से फरार हो गए। तलाशी के दौरान दो प्लास्टिक जरीकेनों में रखी करीब 10 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग एक हजार रुपये बताई गई है।

## ओम श्री रूपेश स्टील के संचालकों पर मामला दर्ज



■ तेज हवा की झोंके से गिर गई थी जर्जर बाउंड्रीवाल, गर्भवती की हुई थी मौत

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के ग्राम चिराईपानी में हुए दर्दनाक हादसे में एक महिला मजदूर की मौत के बाद पुलिस ने ओम श्री रूपेश स्टील कंपनी के संचालकों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। इस मामलें की जांच में निर्माण कार्य में कथित लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आने पर पुलिस ने की धारा 106(1) और 125(ए) के तहत अपराध कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस जांच के अनुसार ओम श्री रूपेश स्टील कंपनी के मालिक दयानंद अग्रवाल एवं शंकर अग्रवाल द्वारा अपने क्रेशर प्लांट परिसर में लेबर क्वार्टर का निर्माण महालक्ष्मी कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड की बाउंड्री वॉल से सटाकर कराया गया था। आरोप है कि यह क्वार्टर बिना सहमति के झोपड़ीनुमा, जर्जर और गुणवत्ता मानकों की अनदेखी करते हुए बनाया गया था। बता दें कि यह घटना बीते 18 जून की रात करीब 8.45 बजे हुई, जब तेज आंधी, तूफान और बारिश के बीच महालक्ष्मी कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड की बाउंड्री वॉल अचानक ढह गई। दीवार का मलबा लेबर क्वार्टर पर गिरने से मजदूर रंभा यादव, उसके पति सुनील राम यादव तथा रिंकी डेलकी दब गए। तीनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रायगढ़ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने रंभा यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं सुनील राम यादव और रिंकी गंभीर रूप से घायल होने के कारण अस्पताल में भर्ती हैं और उनका इलाज जारी है। चक्रधरनगर थाना में गर्भवती महिला श्रमिक की मौत के मामले में मर्ग कायम किया गया। बाद में घटना स्थल पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में होने के कारण मर्ग को संबंधित थाने में स्थानांतरित कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि श्रमिकों के लिए बनाए गए आवास कथित रूप से असुरक्षित स्थिति में थे।

### तालाब निर्माण में रंगदारी का आरोप

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम बरडीह में तालाब निर्माण कार्य के दौरान कथित रूप से रंगदारी मांगने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ढ़ाप भवानीपुर निवासी 31 वर्षीय रेशम लाल चौहान राजमिस्त्री का कार्य करता है और वर्तमान में ग्राम बरडीह में तालाब के तटबंध निर्माण कार्य के लिए जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदाई का कार्य करा रहा है। पीड़ित ने पुलिस को दिए शिकायत में बताया कि 26 जून 2026 को दोपहर करीब एक बजे वह तालाब में खुदाई कार्य की निगरानी कर रहा था। इसी दौरान ग्राम बरडीह निवासी सुरेश निषाद वहां पहुंचा और कथित तौर पर कहा कि बाहर से आकर गांव में काम करने के लिए उसे 50 हजार रुपये देने होंगे। आरोपी ने गांजा पीने के लिए भी पैसे की मांग की और रकम नहीं देने पर गांव में काम नहीं करने देने की चेतावनी दी। ऐसे में जब उसने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी ।

## सिटी कोतवाली की सख्ती बेअसर, 6 महीने में 112 मारपीट धमकी के मामले, हर दूसरे दिन दर्ज हो रहा एक प्रकरण




**रायगढ़।** शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने का दावा करने वाली सिटी कोतवाली पुलिस के सामने मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी जैसे अपराध लगातार चुनौती बने हुए हैं। हालात ऐसे हैं कि थाना क्षेत्र में औसतन हर महीने करीब 19 मामले दर्ज हो रहे हैं, जबकि छह महीने के भीतर ऐसे मामलों की संख्या 112 तक पहुंच चुकी है। पुलिस कार्रवाई तो कर रही है, लेकिन अपराधों की पुनरावृत्ति यह सवाल खड़ा कर रही है कि आखिर पुलिस की सख्ती का असर जमीन पर क्यों दिखाई नहीं दे रहा है।

जनवरी से जून 2026 तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो जनवरी में 11 मामले दर्ज हुए, फरवरी में यह संख्या बढ़कर 16 हो गई। मार्च में सबसे अधिक 27 प्रकरण सामने आए। अप्रैल में थोड़ी कमी आई और 12 मामले दर्ज हुए, लेकिन मई में एक बार फिर संख्या बढ़कर 22 पहुंच गई। वहीं जून माह के केवल 24 दिनों में ही 24 मामले दर्ज हो चुके हैं। यानी जून माह में हर दिन एक गाली गलौज, मारपीट के साथ जान से मारने के प्रकरण दर्ज किए गए। यदि यही रफ्तार बनी रही तो जून का आंकड़ा पिछले सभी महीनों को पीछे छोड़ सकता है। इन आंकड़ों का विश्लेषण करें तो यह साफ है कि सिटी कोतवाली क्षेत्र में लगभग हर दूसरे दिन मारपीट, गाली-गलौज या जान से मारने की धमकी का एक नया मामला सामने आ रहा है। सबसे चिंता की बात यह है कि गिने चुने मामलों को छोड़ दें तो अधिकांश घटनाएं किसी बड़े आपराधिक गिरोह या संगठित अपराध से जुड़ी नहीं हैं, बल्कि मामूली विवाद, पुरानी रंजिश, रास्ता रोकने, शराब के नशे, पारिवारिक विवाद, लेन-देन और छोटी कहासुनी से शुरू होकर हिंसक घटनाओं में बदल रही हैं। पुलिस हर मामले में एफआईआर दर्ज कर रही है। आरोपियों को गिरफ्तार भी किया जा रहा है, लेकिन अपराधों की बढ़ती संख्या यह संकेत दे रही है कि केवल कानूनी कार्रवाई निवारक साबित नहीं हो पा रही है।

**फैक्ट फाइल — जनवरी से जून 2026 तक के आंकड़े**

| माह | प्रकरण |
|---|---|
| जनवरी | 11 मामले |
| फरवरी | 16 मामले |
| मार्च | 27 मामले |
| अप्रैल | 12 मामले |
| मई | 22 मामले |
| जून | 24 मामले |

### सामुदायिक पुलिसिंग पर सवाल

लगातार सामने आ रहे मामलों ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि थाना क्षेत्र में अपराधियों के मन से कानून का भय कम होता जा रहा है, पुलिस की नियमित गश्त, निगरानी और सामुदायिक पुलिसिंग अपेक्षित स्तर पर प्रभावी नहीं हो पा रही है। मारपीट और धमकी की घटनाओं में लगातार वृद्धि से आम नागरिकों के बीच भी असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। खास तौर पर शहरी क्षेत्रों में छोटी-छोटी बातों पर हिंसा का सहारा लेना अब सामान्य होता जा रहा है और कई मामलों में विवादों को शुरुआती स्तर पर रोकने के प्रयास दिखाई नहीं देते।

### संवेदनशील क्षेत्रों में समाधान तंत्र शिथिल

मुख्य बात यह है कि अपराध दर्ज होने के बाद केवल कार्रवाई तक ही व्यवस्था सीमित रह जाती है और अपराध रोकने के लिए सशक्त व विशेष अभियान, संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी, विवाद समाधान तंत्र तथा जनजागरूकता कार्यक्रम प्रभावी ढंग से संचालित नहीं किए जाते। सिटी कोतवाली क्षेत्र के छह माह के आंकड़े फिलहाल यही बता रहे हैं कि मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी के मामलों पर पुलिस की कार्रवाई के बावजूद प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाया है। अपराधियों पर कानूनी शिकंजा कसने के साथ-साथ अपराध की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए ठोस रणनीति की कमी भी कहीं न कहीं इसकी बड़ी वजह बनती जा रही है। वर्तमान स्थिति में हर महीने औसतन 19 मामले दर्ज होना कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी माना जा सकता है।

## आधुनिक मशीनों से हो रहा लेवलिंग एवं बेस निर्माण

**रायगढ़।** नगर निगम द्वारा जोगीडीपा केनाल लिंक रोड निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ तेज गति से कराया जा रहा है। लंबे समय से अपेक्षित इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना के लिए वर्तमान में आधुनिक मशीनों की सहायता से लेवलिंग, ग्रेडिंग एवं बेस निर्माण का कार्य किया जा रहा है।

निर्माण स्थल पर जेसीबीए डंपर तथा अन्य तकनीकी उपकरणों के माध्यम से सड़क की सतह को समतल कर निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप मजबूत आधार तैयार किया जा रहा है। यह सड़क जोगीडीपा एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग के रूप में विकसित की जा रही है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुगम आवागमन सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही क्षेत्र में आवासीय, सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। सड़क निर्माण के प्रत्येक चरण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है ताकि नागरिकों को दीर्घकालिक एवं सुरक्षित आधारभूत सुविधा उपलब्ध हो सके।

### पटरी से उतरी समयपालन की व्यवस्था, रायगढ़ से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनें रोजाना घंटों लेट, यात्रियों का सब्र देने लगा जवाब

**रायगढ़।** रेलवे प्रबंधन यात्री ट्रेनों के समयबद्ध संचालन और यात्री सुविधाओं को लेकर लगातार दावे करता रहा है, लेकिन रायगढ़ रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों की स्थिति इन दावों की हकीकत बयां कर रही है। हालात यह हैं कि लंबी दूरी की कई महत्वपूर्ण ट्रेनें रोजाना एक से चार घंटे ही नहीं, बल्कि कुछ मामलों में 12 घंटे तक की देरी से चल रही हैं। इसका खामियाजा सीधे तौर पर यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। रोजाना हजारों यात्रियों की आवाजाही वाले रायगढ़ स्टेशन पर ट्रेन देरी से चलने की समस्या अब सामान्य स्थिति बनती जा रही है। यात्रियों की मानें तो रेलवे की ओर से समय पर संचालन के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्थिति इससे बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। घंटों तक प्लेटफॉर्म पर इंतजार करना उनकी मजबूरी बन गया है। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 18030 मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस करीब ढाई घंटे की देरी से चल रही है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18113 बिलासपुर एक्सप्रेस डेढ़ घंटे विलंबित है, जबकि गाड़ी संख्या 12810 हावड़ा-मुंबई मेल लगभग तीन घंटे लेट होकर पहुंच रही है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 12906 पोरबंदर सुपरफास्ट भी ढाई घंटे की देरी से संचालित हो रही है। इसी तरह गाड़ी संख्या 12130 आजाद हिंद एक्सप्रेस करीब दो घंटे विलंबित है, जबकि गाड़ी संख्या 12834 अहमदाबाद सुपरफास्ट डेढ़ घंटे की देरी से चल रही है।

### पहली बार बाहर से पहुंच रहे रसोइये, महाप्रभु का देवस्नान आज

# पुरी के रसोई के सेवायत तैयार करेंगे महाप्रभु का छप्पन भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



श्री जगन्नाथ रथोत्सव-2026 को लेकर श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस वर्ष का रथोत्सव कई मायनों में ऐतिहासिक होने जा रहा है, क्योंकि पहली बार रायगढ़ में भगवान श्री जगन्नाथ के लिए श्रीमंदिर, पुरी के पावन रोषाघर (रसोई) से जुड़े सेवायत पारंपरिक एवं शास्त्रोक्त विधि से छप्पन भोग महाप्रसाद तैयार करेंगे। इसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में आयोजित ट्रस्ट की बैठक में 29 जून देव स्नान पूर्णिमा से 25 जुलाई हरिशयन एकादशी तक आयोजित होने वाले धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। बैठक में ट्रस्ट पदाधिकारियों, उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति तथा विभिन्न सहायक समितियों के सदस्यों ने भाग लिया। प्रबंधन ट्रस्टी दिनेश कुमार षड़ंगी ने बताया कि 29 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक देव स्नान पूर्णिमा का आयोजन होगा। इस दौरान भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा का दिव्य महा स्नान कराया जाएगा। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पुरी के रोषाघर सेवायतों द्वारा पारंपरिक शैली में छप्पन भोग महाप्रसाद तैयार किया जाएगा। संध्या समय ओडिसी नृत्य की सांस्कृतिक प्रस्तुति भी आयोजित की जाएगी। देव स्नान के पश्चात महाप्रभु 15 दिनों तक अनसर गृह में विराजमान रहेंगे। 14 जुलाई को सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक नेत्रोत्सव एवं नवयौवन दर्शन आयोजित होगा, जिसमें श्रद्धालुओं को महाप्रभु के प्रथम दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। इसके बाद 16 जुलाई गुरुवार को दोपहर 3 बजे से पवित्र रथ यात्रा की शुरुआत होगी। इस अवसर पर रायगढ़ राजपरिवार द्वारा निभाई जाने वाली ऐतिहासिक छेरा पहरा की परंपरा का निर्वहन किया जाएगा। इसी दिन रथोत्सव के अवसर पर उत्कलिका द्वारा आनंद पाक मेला भी आयोजित किया जाएगा, जो आयोजन का विशेष आकर्षण रहेगा।

### 17 को निकाली जाएगी रथ यात्रा

17 जुलाई को संध्या 4 बजे से गुंडिचा यात्रा निकाली जाएगी। भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा का रथ मोतीमहल से प्रस्थान कर चांदनी चौक, सोनारपारा होते हुए गांजा चौक स्थित मौसी घर पहुंचेगा। इसके बाद 24 जुलाई को संध्या 4 बजे से बाहुड़ा रथ यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें महाप्रभु की वापसी यात्रा विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः श्री जगन्नाथ मंदिर तक पहुंचेगी। रथोत्सव का समापन 25 जुलाई को संध्या 6 बजे से सोना भेष (नीलाद्री बिजे एवं हरिशयन एकादशी) के भव्य आयोजन के साथ होगा। इस अवसर पर महाप्रभु का स्वर्णाभूषणों और पाट वस्त्रों से अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। इसी के साथ भगवान श्री जगन्नाथ चार माह के शयन काल में प्रवेश करेंगे।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### साथियों सहित सीएम से मिले महेश



**रायगढ़।** खरसिया विधान सभा क्षेत्र से संबंधित विषयों को लेकर महेश साहू, खरसिया के पार्षद प्रतिनिधि एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय शर्मा पार्षद प्रतिनिधि गिरधारी गवेल, नगर पालिका खरसिया के कैलाश जायसवाल सहित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर प्रदेश के विकास, जनहित, सामाजिक सरोकारों एवं समसामयिक राजनीतिक विषयों पर संक्षिप्त सार्थक चर्चा हुई। महेश साहू ने क्षेत्र की जनभावनाओं एवं विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक पहल और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही।

### मेड़ पर लगाए थे कुछ पौधे आज अनानास की खेती से हर साल 2.5 लाख की कमाई



**रायगढ़।** कभी खेत की मेड़ पर शौक से लगाए गए कुछ अनानास के पौधे एक दिन पूरे परिवार की आर्थिक तस्वीर बदल देंगे, यह शायद स्वयं अरुण कुमार सॉ ने भी नहीं सोचा था। जिले के ग्राम साल्हेओना के इस प्रगतिशील किसान ने वर्षों पहले घरेलू उपयोग के लिए कुछ पौधे लगाए थे। पौधों की अच्छी बढ़वार और फलों की गुणवत्ता ने उन्हें नई दिशा दिखाई। आज वही छोटा सा प्रयोग लगभग दो एकड़ क्षेत्र में विकसित अनानास के बगीचे का रूप ले चुका है, जहां से वे प्रतिवर्ष 2 से 2.5 लाख रुपए तक की अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। उनकी यह सफलता अब पूरे क्षेत्र में कृषि नवाचार और कृषि विविधीकरण की मिसाल बन चुकी है। अरुण सॉ पहले धान सहित पारंपरिक फसलों की खेती करते थे। शुरुआत में उन्होंने केवल खेत की मेड़ पर कुछ अनानास के पौधे लगाए थे। पौधों से निकलने वाले नए प्ररोहों को अलग कर दोबारा रोपने का सिलसिला शुरू हुआ और देखते ही देखते पौधों की संख्या लगातार बढ़ती चली गई। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों से समय समय पर मिले तकनीकी मार्गदर्शन और वैज्ञानिक सलाह ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। धीरे धीरे उन्होंने अनानास की खेती का रकबा बढ़ाया और इसे व्यावसायिक रूप दे दिया।

### पेंशनर्स महासंघ की बैठक, सदस्यता अभियान का भी लिया निर्णय



**सारंगढ़।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव एवमं राष्ट्रीय संगठन मंत्री टीपी सिंह के निर्देशानुसार जिला शाखा सारंगढ़ बिलाई गढ़ की आवश्यक बैठक वरिष्ठ व्याख्याता पुरुषोत्तम स्वर्णकार के आवास पर सम्पन्न हुआ।बैठक में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य परमेश्वर स्वर्णकार की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में उपस्थित पेंशनरों से चर्चा करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य परमेश्वर स्वर्णकार ने कहा कि सदस्यता एसंगठन की ताकत है इसलिए सबको मिलकर सदायता अभियान को गति देना है।ज्यादा से ज्यादा पेंशनरों को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ से जोड़ना है। महासंघ ने संगठन को प्रभावी बनाने हेतु प्रत्येक इकाई के लिए कुछ कार्यक्रम निर्धारित किया है, जिनमें 03 अगस्त से 10 अगस्त तक स्थापना दिवस, 17 दिसंबर को राष्ट्रीय पेंशनर दिवस काआयोजन करना, जिला एवम ब्लॉक इकाइयों की नियमित बैठक आयोजित करना, पेंशनरों की समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों से प्रत्यक्ष भेंट मुलाकात कर आवश्यक चर्चा करना शामिल है। बैठक में जिला शाखा अध्यक्ष देव नारायण साहूएजिला संयोजक शिव कुमार स्वर्णकार, मनीराम राम कुर्रे, रजनी कांत मिश्रा, रविशंकर स्वर्णकार, फकीरा यादव एमंगतू स्वर्णकार, शशिकांत तिवारी, गनपत लाल यादवएशेख कासिम आदि पेंशनर साथियों की उपस्थिति रही।

### सेवा सेतु पोर्टल से राह हुई आसान, विजय को मिला घर बैठे आय प्रमाण पत्र

**रायगढ़।** सेवा सेतु पोर्टल आम नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी और सुगम शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। जिले के विकासखंड घरघोड़ा के ग्राम साल्हेपाली निवासी विजय कुमार महंत ने बताया कि पहले आय प्रमाण पत्र सहित अन्य शासकीय दस्तावेज बनवाने के लिए उन्हें कई बार शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थेए जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती थी। सेवा सेतु पोर्टल की जानकारी मिलने पर उन्होंने अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र सेवा सेतु केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया। आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के बाद निर्धारित प्रक्रिया पूरी हुई और उनका आय प्रमाण पत्र शीघ्र जारी हो गया। विजय महंत ने बताया कि अब शासकीय सेवाओं के लिए अनावश्यक भागदौड़ नहीं करनी पड़ती। समय पर सेवाएं मिलने से न केवल समय की बचत हुई, बल्कि आर्थिक व्यय भी कम हुआ।

# रानीदाह में मिल रहा प्राकृतिक दृश्यों और सुंदर झरनों का आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अलग खबर

- पहाड़ियों व साल जंगलों के बीच स्थित है अद्भुत जलप्रपात

जिले की हरी-भरी पहाड़ियों और घने साल के जंगलों के बीच स्थित रानीदाह जलप्रपात जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता का एक अद्भुत प्रतीक है। यह झरना जशपुर नगर से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहरी पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

ख़ूबसूरत सड़कों से होकर जब कोई इस स्थल तक पहुंचता है, तो सामने फैली हरियाली, चट्टानों से गिरता दूधिया जल और पक्षियों की आवाज़ें मिलकर एक अविस्मरणीय दृश्य प्रस्तुत करती हैं। बरसात के मौसम में रानीदाह अपने पूरे वैभव पर होती है, जब पानी कई धाराओं में बँटकर ऊँची चट्टानों से नीचे गिरता है। गर्मी के मौसम में जल प्रवाह भले थोड़ा कम हो जाए, लेकिन आसपास की प्राकृतिक शांति और वातावरण का सौंदर्य हमेशा समान रूप से मनमोहक रहता है। रानीदाह जलप्रपात केवल प्राकृतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि अपनी लोककथाओं और रहस्यमयी कहानियों के कारण भी प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि बहुत समय पहले ओडिशा की एक राजकुमारी, रानी शिरोमणि जशपुर की इन पहाड़ियों में आ पहुंची थीं। जब उसके पिता और पांच भाई उनका पीछा करते हुए यहां पहुंचे, तो रानी ने अपमान और जबरन विवाह से बचने के लिए इसी गहरी खाई में छलांग लगा दी और अपने प्राण त्याग दिए। उसी समय से यह झरना "रानीदाह" के नाम से जाना जाने लगा, जिसका अर्थ है "रानी का जलप्रपात।" कहा जाता है कि झरने के पास स्थित कुछ चट्टानें "पांच भैया" के नाम से जानी जाती हैं, जो रानी के भाइयों के प्रतीक माने जाते हैं। यह कथा आज भी स्थानीय लोगों के बीच पीढ़ी दर पीढ़ी सुनाई जाती है और इस स्थल को एक रहस्यमयी और भावनात्मक पहचान देती है।

**बाहरी पर्यटकों के लिए बना आकर्षण का केंद्र**





विधायक भगत ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

# जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय जशपुर से किया गया। विधायक रायमुनी भगत ने नवजात बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे का स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ष्एक भी बच्चा छूटा, सुरक्षा चक्र टूटा के संदेश को ध्यान में रखते हुए 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस. जात्रा, सिविल सर्जन डॉ. कपिल कश्यप, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. गौरव सिंह, बीईटीओ मनीषा कुजूर, एएनएम अरुणा सिंह, जिला वैक्सीन मैनेजर एस.एल. सारथी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन, प्रभावी सुपरविजन एवं सतत मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के साथ पंचायत, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, परिवहन तथा विद्युत विभाग को समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एस. जात्रा ने बताया कि जिले की भौगोलिक परिस्थितियों एवं क्षेत्रीय आवश्यकता को देखते हुए इस वर्ष पोलियो बूथों की संख्या बढ़ाई गई है। जिले में कुल 1,205 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1,15,726 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### 192 केंद्रों पर चल रहा अभियान



**पत्थलगांव।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को पत्थलगांव सिविल अस्पताल में ₹दो बूंद जिंदगी की₹ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अजय बंसल, एल्डरमैन हरजीत भाटिया, अवधेश गुप्ता, सुनील अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ. मिंज ने बताया कि पूरे पत्थलगांव विकासखंड में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 192 पोलियो केंद्र बनाए गए हैं। इस अभियान के तहत लगभग 26 हजार बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए 41 सुपरवाइजर एवं 768 स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में आठ पोलियो केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा रही है। अभियान के दौरान अभिभावकों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में माता-पिता अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए गए केंद्रों पर पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं, ताकि पोलियो मुक्त भारत का संकल्प मजबूत हो सके।

### बगीचा स्वास्थ्य केंद्र में प्लस पोलियो अभियान का शुभारंभ



**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने नन्हे बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर की। इस अवसर पर उपस्थित नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं, ताकि पोलियो मुक्त समाज के लक्ष्य को साकार किया जा सके। कार्यक्रम में राजीव रंजन मिश्रा, डॉ. सुनील लकड़ा, सुभाषचंद शर्मा, तुलेश्वर यादव एवं दिनेश्वर पैंकरा,देवसाय राम भगत बीटीओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

### धोखाधड़ी कर जमीन बेचने मामला, तीन पर एफआईआर

- आरोपियों के खिलाफ तहसीलदार ने कराया मामला दर्ज
- सुशासन तिहार में पीड़ति पक्ष को मिला न्याय

**जशपुरनगर।** जिले के बागीचा थाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज तैयार कर न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए पहले से विक्रय की जा चुकी भूमि को दोबारा बेचने के गंभीर मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। प्रकरण की शिकायत अतिरिक्त तहसीलदार उषा सिंह ने थाना बागीचा में दर्ज कराई। शिकायत में ग्राम रायकेरा निवासी लीलाधर, बंशीधर एवं परमानंद पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने वरिष्ठ न्यायालयों के आदेशों की अवहेलना करते हुए तथ्यों को छिपाया, राजस्व अभिलेखों में कूटरचना की और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर न्यायालय को गुमराह कर पहले से विक्रय भूमि का दोबारा विक्रय कर दिया। जांच के अनुसार ग्राम रायकेरा स्थित खसरा नंबर 49/4 की 0.250 हेक्टेयर भूमि बंशीधर ने 28 जून 2010 को विधिवत पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से अशोक कुमार अग्रवाल के नाम बेच दी थी। नामांतरण आदेश पारित होने से दो दिन पहले, 13 जुलाई 2022 को बंशीधर ने उसी भूमि का एक हिस्सा अपने छोटे भाई लीलाधर के नाम विक्रय कर दिया। इससे राजस्व रिकॉर्ड में गड़बड़ी पैदा हुई और वारिसों के नाम पूरा नामांतरण नहीं हो सका। जांच में यह भी सामने आया कि वर्ष 2010 में ही खसरा नंबर 49/4 की शेष 0.429 हेक्टेयर भूमि भगवानों राम यादव को भी बेची जा चुकी थी, जिसका नामांतरण होकर नया खसरा नंबर 49/7 दर्ज हो गया था। आरोप है कि बाद में आरोपियों ने तहसील न्यायालय में त्रुटि सुधार का आवेदन देकर भगवान राम यादव को पक्षकार बनाए बिना और उन्हें सुनवाई का अवसर दिए बिना न्यायालय को गुमराह किया। कथित रूप से झूठे दस्तावेजों के आधार पर खसरा नंबर 49/7 को समाप्त कराकर भूमि को फिर से मूल खसरा नंबर 49/4 में जोड़वा लिया गया।

# सतनामी विकास परिषद, ने कैरियर गाइडेंस और पुस्तकालय परिचय कार्यक्रम का किया आयोजन




**सारंगढ़।** सतनामी विकास परिषद सारंगढ़ के तत्वावधान में सतनाम भवन, कुटेला में 12वीं उत्तीर्ण एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार एवं कैरियर निर्माण के संबंध में सही मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित एवं अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

इस अवसर पर डॉ. केडी खरे डॉ. लीना पुराइन खरे विनोद कोशले संविधान विशेषज्ञ करियर मार्गदर्शक के रूप में शामिल होकर विद्यार्थियों को अपने अनुभव साझा करते हुए लक्ष्य निर्धारण, अनुशासित अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के विषय में प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में कर्मन खटकर, सेवानिवृत्ति उपसंचालकएसी एस सांडे सेवानिवृत्ति कृषि अधिकारी, एडवोकेट ऊधो राम कोशले, विनोद भारद्वाज, जिला पंचायत सदस्य, राम कुमार कोशले बीईओ, भानु प्रभा जोलहे महिला उपाध्यक्षएनंद राम सुमन, बुंद राम कोशले अध्यक्ष त्रिरत्न बौद्ध महासंघ, टी आर जांगड़े, शंकर जांगड़े, रोहित निराला, राजेश जांगड़े, बिसेसर खरे, बाबू लाल जांगड़े, सुरेश अनंत, कामेश्वर वारे, देव प्रकाश जोलहे, विजय हिरवानी, कमल बर्मन, अरुण, लक्ष्मे, शोभा राम लक्ष्मे, इत्यादि शामिल रहे। परिषद ने सतनाम भवन, कुटेला में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विभिन्न विषयों की उत्कृष्ट एवं उपयोगी पुस्तकों की व्यवस्था की है, ताकि समाज के विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री का लाभ लेकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकें।

# लाखों की हाईमास्ट लाइट अंधेरे में गुम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

- 'रोशनी' का सपना बना शोपीस
- पुलिस थाना के सामने दुर्गा चौक रोशनी को तरस रही



अंधेरे को उजाले में बदलने के लिए लाखों रुपये खर्च कर लगाई गई सौर ऊर्जा चलित हाईमास्ट लाइट खुद बदहाली का शिकार होकर शोपीस बन चुकी हैं। रखरखाव के अभाव और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता ने इन महत्वाकांक्षी योजनाओं की चमक फीकी कर दी है। नगर के कई स्थानों पर स्थापित हाईमास्ट लाइटें वर्षों से बंद पड़ी हैं और अब सिर्फ सरकारी लापरवाही की मूक गवाह बनकर खड़ी हैं।

नगर के हृदय स्थल पुलिस थाना के सामने स्थित मां दुर्गा चौक पर लगी हाईमास्ट लाइट इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। कभी शाम ढलते ही जिसकी रोशनी से पूरा चौक जगमगा उठता था, आज वही हाईमास्ट लाइट अपनी आखिरी सांसें गिनती नजर आ रही है। शुरुआती दिनों में कुछ समय तक रोशनी बिखेरने वाली यह लाइट अब पूरी तरह बंद पड़ी है, जिससे आसपास का इलाका अंधेरे में डूबा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाखों रुपये की लागत से लगाए गए इन हाईमास्ट पोलों का समय-समय पर रखरखाव नहीं किया गया। नतीजा यह हुआ कि मामूली खराबियां भी बड़ी समस्या बन गईं और पूरी व्यवस्था ठप हो गई। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारी कागजों में योजनाओं को सफल बताने में व्यस्त हैं, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन इन बंद पड़ी हाईमास्ट लाइटों में फिर से रोशनी लौटाएगा, या फिर लाखों रुपये की यह सरकारी योजना यूं ही जंग खाकर जनता को मुंह चिढ़ाती रहेगी? नगरवासी अब जवाब के साथ-साथ उजाले का भी इंतजार कर रहे हैं।

**पदोन्नत व सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान**

# विद्यार्थियों के जीवन मूल्यों का विकास करना शिक्षक का दायित्व




**पत्थलगांव।** संकुल गाला एवं डूडुगजोर के संयुक्त तत्वावधान में पदोन्नत एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले सेवानिवृत्त प्रधान पाठक श्रीराम भगत, जानकी प्रसाद कंवर, जयकरण सिंह राठिया एवं पदोन्नत शिक्षिका आयलिन खाखा का विदाई एवं सम्मान किया गया।

समारोह में विकासखंड स्रोत समन्वयक जगन्नाथ पाढ़ी, रघुनाथपुर के सीएसी मुकेश यादव सहित संकुल गाला एवं डूडुगजोर के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के दीर्घ शिक्षकीय योगदान को स्मरण करते हुए उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अपने शिक्षकीय जीवन के विविध अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि एक शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूर्ण करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन, नैतिकता एवं जीवन मूल्यों का विकास करना भी है। उन्होंने वर्तमान समय की शैक्षणिक चुनौतियों का उल्लेख करते हुए सभी शिक्षकों से नवाचार, समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने का आह्वान किया। अंत में सभी शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के दीर्घ, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए उनके अमूल्य योगदान को नमन किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लिया।

**शिक्षकों का अनुभव अमूल्य धरोहर**

मुख्य अतिथि विकासखंड स्रोत समन्वयक जगन्नाथ पाढ़ी ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों का अनुभव शिक्षा विभाग की अमूल्य धरोहर है। उनके अनुभवों से प्रेरणा लेकर वर्तमान शिक्षक शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तभी संभव है, जब सभी शिक्षक सामूहिक भावना, जिम्मेदारी एवं पूर्ण सहभागिता के साथ कार्य करें। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नवाचार आधारित शिक्षण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर विशेष बल दिया।

### प्राथमिक शाला अमलीटिकरा में मना शाला प्रवेश उत्सव




**पत्थलगांव।** किलकिला संकुल के अमलीटिकरा प्राथमिक स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। स्कूली बच्चों को टीका लगाकर फूलों से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच मायावती लकड़ा थी। इस मौके पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, प्रधान पाठक रत्नाकर खूंटियां, सहायक शिक्षक महेंद्र कुमार यादव, संकुल समन्वयक ओमप्रकाश कुरे सहित विद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** लोदाम थाना क्षेत्र के आने वाले एक गांव में घर के घुसकर 34 वर्षीय महिला के साथ अश्लील हरकत व छेड़छाड़ करने वाले 42 वर्षीय ढाबा संचालक को लोदाम पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड जेल भेज दिया है जानकारी कि अनुसार 26 जून को थाना लोदाम क्षेत्र के एक ग्राम की 34 वर्षीय पीड़ित प्रार्थिया ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 जून की सुबह करीबन 8 से 9 बजे के मध्य वह घर में अकेली थी, उसी दौरान लोदाम क्षेत्रांतर्गत ही एक ढाबे का संचालक आरोपी मंजीत सिंह उर्फ बिल्ला सरदार, उम्र 42 वर्ष, पीड़िता को घर में अकेली जानकर, घर में घुस आया, व गलत नियत से प्रार्थिया के साथ छेड़ छाड़ करते हुए अश्लील हरकत करने लगा, पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी के द्वारा, पीड़िता को इसके समुदाय विशेष का नाम लेते हुए उसके पति को छोड़कर अपने साथ पत्नी बनाकर रखने की बात करते हुए जबरदस्ती करने का प्रयास किया जा रहा था।



# कमल हासन ने बताया अंडरवर्ल्ड और काले धन का कड़वा सच...

**मुंबई।** फिल्म निर्माता कमल हासन ने साल 2017 में एक इवेंट में बताया था कि उन्होंने बॉलीवुड से दूरी क्यों बनाई। उस इवेंट में उन्होंने कहा था कि फिल्म इंडस्ट्री के अंडरवर्ल्ड से रिश्ते और काले धन का खेल उन्हें बहुत असहज करता था। उन्होंने अपने शब्दों में कहा था, 'मैं वहां नहीं रुकना चाहता था, या तो उससे लड़ूं या फिर डर के आगे झुक जाऊं।' कमल ने बताया कि काले धन से दूर रहने का यह फैसला उन्होंने बहुत पहले अपने भाई के साथ मिलकर लिया था। उन्हें यह प्रेरणा सिनेमैटोग्राफर विंसेंट से मिली थी। 1980 के दशक में 'एक दूजे के लिए' और 'सागर' जैसी हिट फिल्में देने के बाद भी, इसी फैसले की वजह से उन्होंने बॉलीवुड के बजाय ज्यादातर तमिल सिनेमा में अपना करियर बनाया।

लाइफ Style

# दीपिका
## पहले फराह की सलाह ने बदली राह

बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में शुमार दीपिका पादुकोण ने साल 2007 में सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' से हिंदी सिनेमा में एक धमाकेदार शुरुआत की थी। फराह खान के निर्देशन में बनी इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में शाहरुख और दीपिका दोनों ही दोहरे किरदारों (डबल रोल) में नजर आए थे।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में रिलीज हुए अपने एक नए कुकिंग व्लॉग में फराह खान ने बताया कि उन्होंने अपनी खोज यानी दीपिका पादुकोण को उनकी पहली फिल्म 'ओम शांति ओम' के सेट पर उतारने से पहले कितनी कड़ी तैयारी करवाई थी। फराह खान ने बताया कि उन्होंने दीपिका को सीधे कैमरे के सामने खड़ा नहीं किया था। फराह ने कहा, मैंने दीपिका को लॉन्च करने से पहले उसका बहुत ख्याल रखा। फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले मैंने उसे करीब 3-4 महीनों के लिए अनुपम खेर की एक्टिंग क्लास में भेजा, ताकि वह अभिनय की बारीकियां सीख सके। इसके बाद उसकी बॉडी लैंग्वेज को बेहतर करने के लिए मैंने उसे कथक डांस की क्लास जॉइन करवाई। हमने फिल्म के किरदारों के लिए उसके कई अलग-अलग लुक टेस्ट भी किए थे। फराह ने आगे एक बेहद दिलचस्प किस्सा साझा करते हुए बताया, "जब फिल्म की मुख्य शूटिंग शुरू हुई, तो मैंने पहले 10 दिनों तक दीपिका का कोई भी सीन शूट नहीं किया। मैंने उससे साफ कह दिया था कि तुम पहले 10 दिन बस सेट पर आओगी और वहां चुपचाप बैठकर देखोगी कि शाहरुख खान कैसे काम करते हैं और श्रेयस तलपड़े किस तरह दृश्यों को जीवंत बनाते हैं।



हॉलीवुड मसाला



## हाउस ऑफ द ड्रैगन का जलवा बरकरार

**लॉस एंजिल्स।** 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' के तीसरे सीजन की शुरुआत धमाकेदार रही है। इसे पहले 3 दिनों में 2.15 करोड़ लोगों ने देखा है। यह संख्या पिछले सीजन के शुरुआती एपिसोड के 2.34 करोड़ व्यूअर्स से थोड़ी कम जरूर है। इसके बावजूद, शो की पकड़ दर्शकों पर बनी हुई है और अब निर्माताओं के चौथे और आखिरी सीजन की तैयारी कर रहे हैं। 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' सीजन 1 बना हुआ है सबसे बड़ा एचबीओ लॉन्च- शो का सीजन 1 आज भी सबसे बड़ा एचबीओ लॉन्च माना जाता है। इसने 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के खत्म होने के बाद एचबीओ के लिए कई नए रिकॉर्ड बनाए थे।




## फिल्म 'डोंकी' की रिलीज तारीख का ऐलान...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड निर्देशक चार्ली बीन की एनिमेटेड फिल्म 'डोंकी' से जुड़ा सबसे बड़ा अपडेट आ गया है। एनिमेशन फिल्में बनाने वाले ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने यूनिवर्सल पिक्चर्स के साथ मिलकर फिल्म की रिलीज तारीख का आधिकारिक ऐलान कर दिया। यह चर्चित एनिमेटेड फिल्म 'श्रेक' (2001) फ्रैंचाइजी की एक स्पिन-ऑफ होगी, जो श्रेक के मजेदार और बड़बोले दोस्त डोंकी की शुरुआती कहानी को दिखाएगी। मशहूर अभिनेता एडी मर्फी एक बार फिर 'डोंकी' के किरदार को अपनी जादुई आवाज देंगे। यूनिवर्सल पिक्चर्स ने कुछ दिन पहले 'श्रेक 5' का टीजर जारी करते हुए बताया था कि फिल्म 2027 की गर्मियों में रिलीज किए जाने की योजना है। अब निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर 'डोंकी' की रिलीज तारीख का ऐलान भी कर दिया है। 'श्रेक 5' की रिलीज के एक साल बाद, यानी 30 जून, 2028 को यह स्पिन-ऑफ सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।



## हॉलीवुड में मेरा बेस्ट काम अभी बाकी

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुकीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा उन गिने-चुने भारतीय कलाकारों में शुमार हैं, जिन्होंने बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड में भी अपनी सफलता के झंडे गाड़े हैं। प्रतिष्ठित 'कान लायंस' सम्मेलन में अपने हॉलीवुड सफर पर चर्चा करते हुए प्रियंका ने वैश्विक मंच पर और अधिक विविध काम करने की इच्छा जताई। 'बेवॉच', 'द मैट्रिक्स रेजरेक्शन्स' और हालिया एडवेंचर फिल्म 'द ब्लफ' जैसी हॉलीवुड फिल्मों में अभिनय करने के बाद भी उनका कहना है कि पश्चिमी सिनेमा में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना अभी बाकी है। उन्होंने साझा किया कि भारत में उन्होंने बेहतरीन निर्देशकों के साथ हर तरह के जॉनर और किरदारों को जिया है, लेकिन अमेरिका में अंग्रेजी भाषा के काम में वे अभी तक वैसी विविधता नहीं ला पाई हैं।



## मिर्जाः द मूवी में दिखेंगे खूंखार अवतार

**मुंबई।** 'मिर्जापुरः द मूवी' के नए कैरेक्टर पोस्टर सामने आ गए हैं। इन पोस्टरों में फैंस को जितेंद्र कुमार, अभिषेक बनर्जी और रवि किशन के किरदारों की पहली झलक देखने को मिली है। इससे पहले एक टीजर भी आया था, जिसमें कालीन भैया, गुड्डू पंडित और मुन्ना भैया जैसे आइकॉनिक किरदार दोबारा दिखाए गए थे। ऐसे में फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह बढ़ गया है। जितेंद्र बबलू पंडित के किरदार में हैं और वे हथियार पकड़े दिखाई दे रहे हैं। अभिषेक बनर्जी एक बार फिर इंटेंस कंपाउंडर के रूप में लौट रहे हैं, वहीं रवि किशन बबन बबुआ बनकर एक दमदार अवतार में दिखेंगे। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु भी अहम किरदारों में हैं। फिल्म का निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है और इसे पुनीत कृष्णा ने लिखा है।

टीवी मसाला




## 'बिग बॉस 20': चारू ने क्यों ठुकराया सलमान का शो? कारण छू लेगा दिल

**मुंबई।** सलमान खान के शो 'बिग बॉस सीजन 20' को लेकर सोशल मीडिया पर हलचल शुरू हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो इस साल शो सितंबर के आखिर तक टीवी पर वापसी कर सकता है। निर्माताओं ने जानी-मानी हस्तियों को शो में शामिल करने के लिए उनसे संपर्क करना भी शुरू कर दिया है। अभिनेत्री चारू असोपा को भी प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकारने की बजाए ठुकरा दिया। उन्होंने इसका कारण भी खुद बताया है। चारू ने अपने व्लॉग में लिखा, '2 दिन पहले मुझे 'बिग बॉस' से कॉल आया था, लेकिन मैंने अपनी जिंदगी में जो भी बदलाव किए हैं, वे सब जियाना के लिए हैं। मैं उससे दूर नहीं रहना चाहती। मेरा मकसद ऐसा काम करना है जिससे मैं उसके साथ समय बिता सकूं और एक मां के तौर पर अपनी जिम्मेदारियां निभा सकूं।' उन्होंने बताया कि वह ऐसी भूमिकाएं नहीं निभाना चाहेंगी, जिनके लिए उन्हें अपनी बेटी से दूर रहना पड़े।

***बेटी के पास रहते हुए काम करना चाहती हैं अभिनेत्री :*** चारू ने आगे बताया कि अगर उन्हें काम के चलते अपनी बेटी से दूर रहने में दिक्कत नहीं होती, तो वह मुंबई नहीं छोड़तीं। उनकी जिंदगी जियाना के इर्द-गिर्द घूमती है। उन्होंने कहा कि वह अपनी बेटी की सभी आकांक्षाओं को पूरा करना चाहती हैं। बता दें, चारू की शादी सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन से हुई थी। हालांकि जून, 2023 में दोनों का तलाक हो गया था। अभिनेत्री अपनी बेटी की परवरिश अकेली मां बनकर कर रही हैं।

## रियलिटी शो 'अलायंस' में सोहेल होंगे शामिल



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सोहेल खान प्राइम वीडियो के रियलिटी शो 'अलायंस' में वाइल्डकार्ड एंट्री लेने जा रहे हैं। वे इस शो के पहले वाइल्डकार्ड प्रतियोगी के रूप में शामिल हुए हैं। कुणाल इस शो को होस्ट कर रहे हैं, जिसमें 16 सेलिब्रिटीज को जोड़ियों में बांटा जाता है। इन जोड़ियों को कई चीजों से होकर गुजरना पड़ता है। हालांकि, सोहेल पहले भी कई शोज को जज कर चुके हैं, लेकिन रियलिटी टीवी पर बतौर प्रतियोगी यह उनकी पहली एंट्री होगी। सोहेल की एंट्री अगले हफ्ते टेलीकास्ट होगी। इससे डैजी शाह-जैद दरबार और कुशाल टंडन-अर्स्लान गोनी जैसी पहले से मौजूद जोड़ियों के बीच एक नया ट्विस्ट आएगा। खास बात यह है कि सोहेल की पूर्व पत्नी सीमा सजदेह के भी शो में शामिल होने की अफवाहें हैं। ऐसे में लगातार फिल्माए जा रहे 'सेफ रूम' के उन लम्हों में क्या नया ड्रामा होगा, इसे देखने के लिए दर्शक बेहद उत्सुक हैं। बनजय एशिया द्वारा निर्मित यह शो 'अलायंस' अपनी शुरुआत से ही दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है।

## 'धर्मन' के लिए कसी कमर जबरदस्त है थलाइवा का अंदाज



**मुंबई।** तमिल सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'थलाइवर 173' का आधिकारिक नामकरण हो चुका है। इसे 'धर्मन- द डेडली डॉक्टर' शीर्षक दिया गया है। हाल ही में निर्माताओं ने इस ऐलान के साथ अभिनेता की पहली झलक भी सोशल मीडिया पर जारी की थी। अब ताजा अपडेट है कि सुपरस्टार ने अपनी इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। उनका एक और पोस्टर जारी किया गया है, जिससे फैंस के बीच उत्साह का माहौल है।

### डॉक्टर के लुक में दमदार दिखे रजनीकांत

राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर रजनीकांत का पोस्टर जारी किया है। इसमें अभिनेता डॉक्टर का खून से लथपथ कोट हाथ में पकड़े हुए हैं। दूसरे हाथ में उनका पहचान पत्र है, जबकि गले में स्टेथोस्कोप पड़ा हुआ है और जमीन पर कई सारी बंदूक की गोलियां बिखरी हुई हैं। उनका यह अंदाज एक ऐसे डॉक्टर की एक्शन से भरपूर कहानी की तरफ संकेत देता है, जिसका एक खतरनाक विद्रोही पक्ष भी है।

### रजनीकांत और कमल हासन की एक साथ वापसी

निर्माता कमल हासन ने 'थलाइवर 173' का ऐलान इसी साल जनवरी में किया गया था। इसके जरिए वह और रजनीकांत पेशेवर तौर पर करीब 47 साल बाद साथ में आ रहे हैं। दोनों की आखिरी फिल्म 'अल्लाउदीनम अर्पुथा विलाक्कुम' (1979) में आई थी। राशि खन्ना भी फिल्म में शामिल हो चुकी हैं और कुछ दिन पहले उन्होंने सेट से मुहूर्त की तस्वीरें साझा की थीं। इस परियोजना के निर्देशन की कमान अश्वथ मारिमुथु ने संभाली है।

## 'वेलकम 2 द जंगल' की कमाई से होगी वीर नारियों की मदद, निर्माता ने किया ऐलान...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से सकरात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इसी बीच फिल्म के निर्माता फिरोज ए नाडियाडवाला ने देशभक्ति और इंसानियत की एक अनोखी मिसाल पेश की है। उन्होंने अपनी इस फिल्म की कमाई का एक हिस्सा भारतीय सशस्त्र बलों के शहीद जवानों की विधवाओं (वीर नारियों) के कल्याण के लिए दान करने का एक बेहद नेक और बड़ा संकल्प लिया है।




### नाडियाडवाला का दिल जीतने वाला संकल्प

फिरोज ने ऐलान किया कि फिल्म की कमाई का एक हिस्सा भारतीय सशस्त्र बलों के शहीद जवानों की वीर नारियों के कल्याण के लिए दान किया जाएगा। ये राशि इस दिशा में काम करने वाले संगठनों को दी जाएगी। दिलचस्प बात ये है कि फिल्म की कहानी भी भारतीय सेना की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें मुख्य किरदार शुरुआत में आर्मी अफसर बनने का नाटक करते हैं, लेकिन बाद में देश की मदद के मिशन में जुट जाते हैं।

### *फिरोज की फिल्म निर्माताओं से अपील*

*फिरोज नाडियाडवाला ने कहा कि समाज के प्रति जिम्मेदारी सिर्फ बड़ी कंपनियों की नहीं, बल्कि हर नागरिक की होती है। उनका मानना है कि सभी को एक-दूसरे की मदद कर दुनिया को बेहतर बनाने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य दूसरे फिल्म निर्माताओं को भी प्रेरित करना है। फिरोज ने सभी निर्माताओं से अपील की कि वे अपनी फिल्मों की कमाई का कुछ हिस्सा एनजीपी, खासकर अनाथ लड़कियों की मदद करने वाली संस्थाओं को दान करें।*

## 'अल्फा' से 'ईथा' तक, बॉलीवुड में महिला प्रधान फिल्मों का होगा बड़ा धमाका...

**मुंबई।** बॉलीवुड में जल्द ही कई ऐसी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिनकी कहानी महिला प्रधान किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है। इन फिल्मों में एक्शन, थ्रिलर, क्राइम और बायोपिक जैसी कई कहानियां देखने को मिलेंगी। आलिया भट्ट की फिल्म 'अल्फा' से लेकर श्रद्धा कपूर की 'ईथा' तक कई बहुप्रतीक्षित फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं।

### 'अल्फा', 'ईथा' और 'बेबी डू डाई डू'

स्पाई-एक्शन फिल्म 'अल्फा' में मुख्य किरदार में आलिया और शरवरी हैं। यह फिल्म 3 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'ईथा' महाराष्ट्रीयन तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर के जीवन पर अधारित है। इसमें श्रद्धा मुख्य भूमिका में है। यह फिल्म 28 अगस्त रिलीज होगी। फिल्म 'बेबी डू डाई डू' 3 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण हुमा कुरैशी ने किया है और इसमें उन्होंने अभिनय भी किया है।



### 'शक्ति शालिनी' 'दायरा' और' मायसा'

मैडॉक के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'शक्ति शालिनी' में अनीत पड्डा नजर आएंगी। यह फिल्म साल 2027 के शुरुआत में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दायरा' 18 सितंबर को रिलीज होगी। इसमें करीना कपूर खान मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी। एक्शन थ्रिलर फिल्म 'मायसा' साल 2026 के अक्टूबर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें रश्मिका मंदाना एक बिल्कुल नए और दमदार किरदार में नजर आएंगी।

## 'वेलकम 4' में फिर जमेगी नाना पाटेकर और अनिल कपूर की जोड़ी ...



**मुंबई।** 'वेलकम टू द जंगल' में नाना पाटेकर और अनिल कपूर नजर नहीं आए, जिससे फैंस को उनकी कमी खली, लेकिन अक्षय कुमार ने एक उम्मीद भरी बात कही है। उन्होंने इशारा दिया है कि अगर कभी 'वेलकम 4' बनी, तो आप उन सबको साथ देख पाएंगे। ये दोनों कलाकार पुरानी 'वेलकम' फिल्मों के चहेते रहे हैं, इसलिए उनके दोबारा एक साथ आने की खबर ने सबको उत्साहित कर दिया है।

*निर्देशक अहमद ने कही ये बात :* निर्देशक अहमद खान ने बताया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान वे नाना और अनिल दोनों के संपर्क में थे। उन्होंने बताया कि नाना खुद ही फिल्म के बारे में जानकारी लेते रहते थे, जबकि अनिल ने कहा था कि वे दोबारा उनके साथ काम करना पसंद करेंगे। इस फिल्म में सुनिल शेट्टी, अरशद वारसी, परेश रावल, दिशा पटानी और लारा दत्ता भी हैं।

खबर संक्षेप

## तीन ब्लॉकों में 1137 ग्रामीणों को मिला उपचार

**रायगढ़।** तमनार, रायगढ़ और घरघोड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत खुरुसलेंगा, बरलिया और नवागढ़ में आयोजित शिविरों में 1137 ग्रामीणों को उपचार एवं स्वास्थ्य जांच का लाभ मिला।इन शिविरों में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से मरीजों का उपचार किया गया। साथ ही शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, सिकलिंग सहित विभिन्न प्रकार की जांच भी की गई। शिविरों में संधिवात, आमवात, चर्मरोग, ज्वर, कास, श्वास, प्रतिश्याय, उदर रोग, दुर्बलता, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अर्श एवं स्त्री रोग जैसी बीमारियों से पीड़ति बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे जिन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श और निःशुल्क औषधियां उपलब्ध कराई गईं।

## स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो का शुभारम्भ

**सरिया।** रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम पल्स पोलियो अभियान का गरिमामय आयोजन किया गया। अभियान का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा नौनिहालों को पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाकर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने आमजन से अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दवा पिलाने की अपील कीए ताकि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखा जा सके। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश पाणिग्राही, नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरुण शराप, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सतपथी, शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष युगल अग्रवाल, पार्षद शत्रुघन प्रधान और पार्षद राजू प्रधान विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेक्टर इंचार्ज मनोज चौधरी सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया के सभी अधिकारी कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा बूथ पर आए बच्चों को दवा पिलाने के साथ साथ शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

## बोंदा में बीजेपी नेताओं ने सुनी मन की बात

**बरमकेला।** बरमकेला विकासखंड के बूथ क्रमांक 290 बोन्दा में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें संस्करण का सामूहिक श्रवण उत्साह, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ, कर्मठ एवं समर्पित कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों को गंभीरता से सुना तथा राष्ट्रहित, जनसेवा और विकसित भारत के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

निधन...

### हिमांशु चावड़ा



**पुसौर।** 26 जून तहसील मुख्यालय पुसौर के इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में वर्ष 1998 से आयोजित हो रही वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता से जुड़े वरिष्ठ अंपायर हिमांशु चावड़ा का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। रायगढ़ निवासी हिमांशु चावड़ा के आकस्मिक निधन पर पुसौर क्रिकेट आयोजन समिति व क्षेत्र के क्रिकेटरों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार हिमांशु चावड़ा बीते 26 वर्षों से लगातार पुसौर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में अंपायरिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। अधिकतर मैचों में वे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष किशोर कसेर के साथ अंपायरिंग करते थे।

### तपस्विनी कसेर



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 13 निवासी तपस्विनी कसेर पति रामेश्वर कसेर कर 59 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनका जाना परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। तपस्विनी कसेर के निधन से कसेर परिवार के साथ-साथ पूरे वार्ड में शोक की लहर है।

# आईआईटी जोधपुर में पढ़ने वाले छात्र का महानदी में डूबने से मौत

छुट्टी मनाने आया था गांव, तीन दोस्तों के साथ आया था मां चंद्रहासिनी मंदिर दर्शन के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

महानदी के नाथलदाई घाट में रविवार को आईआईटी जोधपुर में पढ़ाई कर रहे एक छात्र की डूबने से मौत हो गई। छात्र अपने तीन दोस्तों के साथ नहाने के लिए पानी में उतरा था। गहरे पानी में चले जाने की वजह से वह बाहर नहीं आ सका। छात्र को तैरना भी नहीं आता था। अन्य दो दोस्त जब से डूबते देखे तो बाहर आकर शोर मचाया। वहां मौजूद लोगों की मदद से बचाने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक देरी हो चुकी थी। इस घटना से न केवल मृतक के परिवार, बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। होनहार बेटे की असमय मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

परिजनों से मिली जानकारी जानकारी के अनुसार, आशीष कुर्रे 20, पिता खडबदन कुर्रे, निवासी ग्राम देवरीमठ, थाना हसौद, जिला सक्ति अपने मित्र सागर निषाद 20 और रविंद्र भारद्वाज 21 के साथ चंद्रपुर स्थित मां चंद्रहासिनी मंदिर में दर्शन करने आए थे। दर्शन के बाद तीनों युवक नाथलदाई मंदिर के समीप महानदी के शबरी घाट पर दोपहर 1 बजे लगभग स्नान करने के लिए नदी में उतरे। स्नान के दौरान आशीष अचानक नदी के गहरे हिस्से में पहुंच गया। बताया जा रहा है कि उसे तैरना नहीं आता था। देखते ही देखते वह पानी में डूबने लगा। उसके दोनों साथी किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए और शोर मचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। स्थानीय लोगों और पुलिस की गोताखोरों की मदद से खोजबीन के बाद आशीष को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। आशीष कुर्रे शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी छात्र था। उसने जवाहर नवोदय विद्यालय से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की थी। मेहनत और लगन के बल पर उसका चयन आईआईटी जोधपुर में हुआ था, जहां वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहा था। गर्मी की छुट्टियों में वह अपने घर आया हुआ था। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने के दौरान वह मंदिर दर्शन के लिए चंद्रपुर पहुंचा था, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि यह यात्रा उसकी जिंदगी की आखिरी यात्रा बन जाएगी। उसके असमय निधन से गांव देवरीमठ में शोक का माहौल है और हर किसी की जुबान पर यही सवाल है कि इतनी कम उम्र में एक होनहार छात्र की जिंदगी आखिर यूं क्यों खत्म हो गई।

### महानदी में उतरा था दोस्तों संग नहाने, नहीं आता था तैरना

डूब रहा था तो दोस्तों ने बाहर आकर चिल्लाया, लोगों की मदद से निकाला गया बाहर



**तीन थानों की पुलिस पहुंची**

घटना सारंगढ़ चंद्रपुर एवं सरिया थाना क्षेत्र के बार्डर में होने के कारण सूचना मिलते ही सारंगढ़ पुलिस, चंद्रपुर पुलिस, सरिया पुलिस तथा डायल 112 व गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक पंचनामा कार्रवाई कर शव को पीएम अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में सारंगढ़ पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह हादसा नदी के गहरे पानी में चले जाने के कारण हुआ। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर नदी घाटों पर सावधानी बरतने की आवश्यकता को उजागर कर दिया है। मृतक अपने परिवार का इकलौता बेटा था, जिसके चले जाने से परिवार की उम्मीदें और सपने भी मानो उसी के साथ हमेशा के लिए टूट गए।

# चोरों ने तोड़ा दुकान का ताला ले भागे नकदी और कपड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



अज्ञात चोरों ने बीती रात एक कपड़ा दुकान का ताला तोड़कर नगदी और कीमती कपड़ों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। यह पूरी घटना दुकान में लगी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। घटना नगर के अटल चौक स्थित रानू काम्प्लेक्स के एक कपड़ा दुकान की है।

सरिया में अटल चौक, पीएनबी बैंक के सामने रानू काम्प्लेक्स में कन्हा कलेक्शन कपड़ा दुकान में चोरों ने रात के समय दुकान की शटर में लगे ताला को तोड़ा और अंदर गल्ले में रखे नकदी के साथ-साथ कीमती कपड़ों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की पूरी वारदात दुकान में लगी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में संदिग्ध चोरों की संख्या, उनका हुलिया और घटना को अंजाम देने का तरीका स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और पुलिस फुटेज के आधार पर अज्ञात चोरों की पहचान करने और उनकी गिरफ्तारी के लिए जांच कर रही है। दुकानदार नरेंद्र नामदेव ने बताया कि शुक्रवार को वह अपनी दुकान रोजाना की तरह बंद करके गए थे। शनिवार सुबह आए तो उन्हें पता चला की दुकान का शटर का ताला टूटा है। जब उन्होंने दुकान के अंदर गल्ले में रखी करीब तीस हजार रुपए तथा कीमती कपड़ों पर भी चोरों ने हाथ साफ किया है। लोगों का आरोप है कि पुलिस पेट्रोलिंग यदि ठीक ढंग से हुआ होता तो यह घटना शायद नहीं होता।

## चांटीपाली में सामाजिक अंकेक्षण मनरेगा और पीएम आवास की समीक्षा



**कोसीर।** ग्राम पंचायत चांटीपाली में वीबी-जी रामजी के सामाजिक अंकेक्षण कार्य का आयोजन किया गया। अंकेक्षण दल ने योजनाओं एवं पीएमएवाई-जी कार्यों की जमीनी स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यस्थल पर ही विशेष ग्राम सभा आयोजित कर ग्रामीणों की उपस्थिति में मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित की गहन समीक्षा की गई।

अंकेक्षण के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत स्वीकृत कार्यों और मजदूरों के रोजगार की स्थिति की समीक्षा की गई। दल ने कार्यस्थल का मुआयना किया और ग्रामीणों से सीधा संवाद कर विकास कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरतने की बात कही। ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की भी बिंदुवार समीक्षा की गई। पंचायत में स्वीकृत कुल 41 आवासों में से वर्तमान स्थिति इस प्रकार पाई गई। अप्रारंभ आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के कड़े निर्देश दिए, ताकि हितग्राहियों को समय पर उनके पक्के मकान का लाभ मिल सके। इस सामाजिक अंकेक्षण कार्य को पूरा करने वाले दल में संजय सिंह राजपूत, अक्षय सिदार एवं ओमप्रकाश पटेल शामिल रहे। इसके साथ ही आयोजित ग्राम सभा में जनपद से नोडल के रूप में श्रीमती प्रीति भारती और ग्राम पंचायत से सरपंच ओमलाल यादव, उपसरपंच कंतलाल यादव, सचिव चुनेश्वर प्रधान, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रवेश के लिए छात्र को लेनी पड़ी सीएम हेल्प लाइन का सहारा

**रायगढ़।** पुसौर ब्लॉक के एक छात्र को कक्षा 9 वीं में एडमिशन के लिए सीएम हेल्प लाइन का सहारा लेना पड़ा। विद्यालय में प्रवेश से संबंधित शिकायत का त्वरित समाधान करते हुए उसे कक्षा 9वीं में प्रवेश दिलाया गया। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में 26 जून को ग्राम खोखरा, विकासखंड पुसौर निवासी श्री श्याम कुमार पटेल द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि उनके पुत्र पवन देव पटेल जिसने वर्ष 2026 में शासकीय माध्यमिक शाला खोखरा से कक्षा 8वीं उत्तीर्ण की है, उसे निकटवर्ती हाई स्कूल में कक्षा 9वीं में प्रवेश दिलाने में कठिनाई आ रही है। शिकायत प्राप्त होते ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी भुवनेश्वर पटेल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई प्रारंभ की। उन्होंने शिकायतकर्ता से दूरभाष पर संपर्क कर पूरी जानकारी प्राप्त की तथा छात्र के प्रवेश से संबंधित सभी तथ्यों की जानकारी ली। चर्चा के दौरान पालक ने अपने पुत्र का प्रवेश शासकीय हाई स्कूल तेलीपाली में कराने की इच्छा व्यक्त की।

# फिर पकड़ा गया साइकिल चोर नकुल, पुलिस ने की अब तक चोरी की 204 साइकिलें बरामद



**सरिया।** स्कूली बच्चों के साइकिल को चोरी कर अपने घर में जमा करते हुए बहुचर्चित साइकिल चोर तीसरी बार पुलिस के हत्थे चढ़ा। इस बार सरिया में साइकिल की चोरी कर उसकी बिक्री कर रहा था और मुखवीर सूचना पर पुलिस ने धरदबोचा। पुलिस ने बताया कि आरोपी सरिया बरमकेला एवं अन्य क्षेत्रों से साइकिलों की चोरी कर उसकी बिक्री करता था।

फिलहाल पुलिस ने आरोपी से चोरी के 16 साइकिल बरामद कर जप्त किया है। जब्त साइकिलों की कीमत 85 हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है । इसके पहले सरिया पुलिस ने आरोपी नकुल साहू के औरदा स्थित घर से चोरी के 68 साइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया था। तथा इसके पहले रायगढ़ में भी चोरी के 120 साइकिल बरामद कर अपराध पंजीबद्ध किया गया था। बीते दिनों सरिया में बहु चर्चित साइकिल चोर नकुल साहू चोरी के साइकिल बेचने के चक्कर में पुलिस के द्वारा पकड़ा गया। सरिया थाना प्रभारी नंदलाल राठिया ने बताया कि साइकिल चोरी के आरोपी नकुल साहू के घर से चोरी के 16 साइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 जून शुक्रवार को भठली चौक सरिया में चोरी की साइकिल के लिए ग्राहक तलाश रहा था। मुखवीर सूचना पर सरिया पुलिस ने नकुल साहू को पकड़ा तथा पूछताछ में उनके द्वारा कोई वैध कागजात पेश नहीं किया। तथा उन्होंने स्वीकार किया कि सरिया बरमकेला से साइकिलों की चोरी कर उसकी बिक्री करता था। वही साइकिल चोरी करना ही उसका पेशा बन गया था। सरिया पुलिस ने कड़ी पूछताछ करने के बाद नकुल साहू ने स्वीकार किया कि उसने अपने ग्राम औरदा स्थित मकान में चोरी के साइकिल को रखता हैं। पुलिस ने उनके घर पहुंच कर चोरी की 16 साइकिल बरामद की। पुलिस ने बताया कि चोरी के 16 साइकिल अधिकांश स्कूली छात्र.छात्राओं के हैं। जो अपने घर से पढ़ने के लिए स्कूल या कंप्यूटर सेंटर आते हैं। वहीं से आरोपी नकुल साहू चोरी कर अपने घर औरदा थाना पुसौर जिला रायगढ़ में रखा था। पुलिस ने बताया कि वह स्वयं रायगढ़ में एक किराए के मकान में रहता है तथा चोरी की साइकिल अपने औरदा स्थित घर में रखता था।

इसके पहले सरिया पुलिस ने सन 2019 में साइकिल चोरी के मामले में 68 नग साइकिल बरामद कर मामला दर्ज किया था। इसके 4 साल पहले रायगढ़ में ही साइकिल चोरी के मामले में रायगढ़ पुलिस ने उनके औरदा स्थित घर से 120 चोरी के साइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया था। इस तरह बहु चर्चित साइकिल चोर नकुल साहू अब तक तीन बार पुलिस के गिरफ्त में आ गया है और उसके कब्जे से चोरी के 204 साइकिल बरामद हो चुका है। बहरहाल सरिया पुलिस ने चोरी के 16 साइकिल को नकुल साहू के घर औरदा से बरामद किया है। बताया जाता है कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं रायगढ़ जिले में अबतक साइकिल चोरी का सबसे बड़ा एवं चर्चित का मामला है।

## बुनियादी दक्षताओं का डिजिटल माध्यम से किया गया मूल्यांकन

**बरमकेला।** डाइट धरमजयगढ़ के तत्वावधान में 24-25 जून को फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी एफएलएस का दो दिवसीय सर्वे संपन्न हुआ। इस दौरान रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 17 चयनित विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा चौथी के विद्यार्थियों की भाषा एवं गणित विषय में बुनियादी दक्षताओं का डिजिटल माध्यम से मूल्यांकन किया गया।

यह अध्ययन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह जानना है कि प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों में पढ़ने, समझने, भाषा की अभिव्यक्ति, संख्यात्मक ज्ञान तथा गणितीय दक्षता किस स्तर तक विकसित हुई है। शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक सुधार, शिक्षण पद्धति को अधिक प्रभावी बनाने तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को बेहतर करने की दिशा में योजनाएं तैयार की जाती हैं। इनमें प्राइमरी स्कूल रिवानपार, प्राइमरी स्कूल खम्हारडीह, प्राइमरी स्कूल गुढियारी, प्राइमरी स्कूल जोरापाली, श्याम स्कूल पचरी, करियर पॉइंट नेशनल स्कूल तथा आदर्श पब्लिक स्कूल सरसीवा शामिल रहे। इसी प्रकार रायगढ़ जिले से 10 विद्यालयों का चयन किया गया। इनमें प्राइमरी स्कूल खड़गांव, केंद्रीय विद्यालय रायगढ़, प्राइमरी स्कूल मुनुंद, कन्या आश्रम सोनाजोरी, कन्या आश्रम तेंदूमुड़ी, कन्या प्राथमिक आश्रम शाला कुर्रा, शासकीय बालक प्राइमरी स्कूल तमनार, प्राइमरी स्कूल खरसिया, प्राइमरी स्कूल कुडुमकेला तथा संत माइकल स्कूल रामभांटा शामिल रहे।

## जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दो बूंद, अभियान का हुआ शुभारंभ



**रायगढ़।** जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामभाठा, संजय मैदान में किया गया। कार्यक्रम में महापौर जीवर्धन चौहान एवं सभापति डिग्री लाल साहू ने नन्हे बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक को अपने बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पोलियो मुक्त भारत का सपना तभी साकार होगा, जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेगा। सभापति डिग्री लाल साहू ने भी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे, इसके लिए सभी लोग आगे आकर स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें। जिले में 28 से 30 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1 लाख 34 हजार 980 बच्चों को पोलियोरोधी वैक्सीन की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिलेभर में व्यापक तैयारियां की गई हैं ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रह जाए। अभियान के प्रथम दिवस जिले के 1307 पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।

## कोसीर के जनप्रतिनिधियों ने की सीएम से सौजन्य मुलाकात



**कोसीर।** भाजपा नेत्री देवकुमारी लहरे की अगुवाई मे कोसीर सरपंच प्रतिनिधि व शिव कुर्रे पंचगण सीएम विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान कोसीर की विकास के लिए विभिन्न मांग की। इसमें कोसीर में मिनी स्टेडियम व गौरव पथ की मांग शामिल है। युवाओं को भविष्य को देखते हुए मिनी स्टेडियम की मांग रखा । वही कोसीर की बढती हुई आबादी व क्षेत्र की विकास को ध्यान में रखकर कोसीर में गौरव पथ बनाने के लिए मांग की। गौरव पथ बनने से क्षेत्र की आवागमन व्यवस्था दुरुस्थ होगा लोगों को आवागमन की अच्छी सुविधा मिलेगी। गांव का समग्र विकास में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न मांग को लेकर प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया। मुलाक़ात के दौरान सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र राव ने कहा कि गांव की विकास के लिए लगातार सतत प्रयास कर रहे है और आगे भी जनहित मुद्दों को लेकर प्रभावी ढंग उच्च स्तर तक पहुंचाया जाएगा।

## एनटीपीसी लारा ने किया किसानों को हल्दी और अदरक का वितरण, ग्रामीणों को मिला चश्मा



**रायगढ़।** किसानों को सहायता प्रदान करने एवं ग्रामीणों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एनटीपीसी लारा द्वारा हल्दी व अदरक के पौध सामग्री का वितरण तथा ग्रामीणों के लिए चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत संचालित की गई, जिसका उद्देश्य आसपास के समुदायों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय किसानों को हल्दी और अदरक की रोपण सामग्री प्रदान की गई, जिससे उन्हें फसल विविधीकरण अपनाने और अधिक लाभकारी खेती की ओर बढ़ने में सहायता मिलेगी। यह कदम किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के साथ साथ उनकी आय में सुधार लाने में भी सहायक होगा। साथ ही, पूर्व में आयोजित नेत्र जांच शिविरों में चिन्हित ग्रामीणों को सुधारात्मक चश्मे वितरित किए गए। इस पहल से लाभार्थियों को न केवल बेहतर दृष्टि प्राप्त हुईए बल्कि उनके दैनिक जीवन में सुगमता और आत्मविश्वास भी बढ़ा है। कार्यक्रम में श्रीमती रेखा ठाकुर, अध्यक्ष, प्रेरिता महिला समिति, डॉ. कल्पना प्रकाश तयाडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एनटीपीसी लारा तथा प्रेरिता महिला समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं एनटीपीसी के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि एनटीपीसी लारा स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन के क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने ऐसी पहलों को ग्रामीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। लाभार्थियों ने एनटीपीसी लारा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चश्मा वितरण से उनके दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है, वहीं रोपण सामग्री से उन्हें बेहतर खेती और आय बढ़ाने की नई उम्मीद मिली है। एनटीपीसी लारा इस प्रकार की जनहितकारी पहलों के माध्यम से न सिर्फ ऊर्जा उत्पादन में अपनी भूमिका निभा रहा है, बल्कि सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी पूरी कर रहा है।

## बूथ से राष्ट्रनिर्माण तक मन की बात से मिली प्रेरणा : ओपी



**रायगढ़।** नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात का श्रवण आज बूथ नंबर 245 तात्यापारा मंडल, रायपुर पश्चिम विधानसभा में किया गया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने माननीय प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के साथ संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास प्लाजा, आजाद चौक के सामने, रायपुर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के प्रेरक विचारों को सुना।

ओपी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने श्मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से समाज, संस्कृति, जनभागीदारी और राष्ट्रनिर्माण पर गहन और प्रेरक विचार साझा किये। मोदी हर बार मन की बात में देश के कोने कोने से प्रेरणादायक जानकारी साझा करते जो 140 करोड़ देशवासियों को जोड़ने का काम करती हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता बूथ पर मजबूत है तो संगठन मजबूत है। आज तात्यापारा मंडल के बूथ 245 पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ बैठकर मन की बात सुनना यह संदेश देता है कि हमारा नेतृत्व जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। प्रधानमंत्री स्वयं कहते हैं कि मन की बात जनता की बात है। ओपी चौधरी ने कहा कि संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास प्लाजा में बैठकर मन की बात सुनना हम सबके लिए गर्व का विषय है। बाबा जी ने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया था। प्रधानमंत्री मोदी भी सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र से देश को एक सूत्र में बांध रहे है इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, तात्यापारा मंडल के अध्यक्ष, पार्षदगण, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता साथी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों पर चर्चा की और उन्हें जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त